# न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बेरमो (तेनुघाट)।

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(क)/(ख)के अंतर्गत

**परमिशन वाद सं0 173 वर्ष 2024**

| | |
|---|---|
| आवेदक– पुनिया देवी | केता– शांति देवी |
| ग्राम– मुंगोरंगामाटी | ग्राम– मुंगोरंगामाटी |
| थाना– पेंक नारायणपुर जिला–बोकारो | थाना– पेंक नारायणपुर जिला–बोकारो |

| आदेश की क0सं0 तारीख 01 | आदेश एंव पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर क कार्रवाई के ब टिप्पणी तारी 03 |
|---|---|---|

02/5/2025

## आदेश

यह वाद आवेदक–**पुनिया देवी पति–स्व0 बेनी महतो वर्तमान निवास ग्राम–मुंगोरंगामाटी, पो0+थाना–पेंक नारायणपुर, जिला–बोकारो** के द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)/(ख) के अंतर्गत निम्नाकिंत जमीन, विवरणी निम्नवतः–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट सं0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **मुंगोरंगामाटी** | **02** | **13** | **65** | **1.22 ए0** | **09 डी0** | **रैयती टांड II वर्तमान स्वरूप परती** |

को वे आवश्यक कार्य हेतु मो0 2,50,000/–(दो लाख पचास हजार) रूपये में केता–**शांति देवी पति–लीलो महतो वर्तमान निवास ग्राम–मुंगोरंगामाटी, पो0+थाना–पेंक नारायणपुर, जिला–बोकारो** के साथ बिकी करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यालय के पत्रांक 1114/रा0, दिनांक 09.10.2024 के माध्यम से अंचल अधिकारी नावाडीह से जॉच प्रतिवेदन की मॉग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिकी अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी नावाडीह के पत्रांक–687, दिनांक–28.12.2024 से वांछित जॉच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमे उनके द्वारा उल्लेख किया गया हैं किः–

01. बिकेता एवं केता दोनों कुरमी जाति के सदस्य हैं जो पिछडा वर्ग के अंतर्गत आते हैं। बिकेता एवं केता दोनों एक ही थाना एवं जिला–बोकारो के निवासी हैं।
02. बिक्री की जाने वाली भूमि का सर्वे खतियान में लीलु महतो पिता देव राम महतो के नाम से दर्ज हैं तथा सरकारी अभिलेख पंजी–II के पृष्ठ सं0 40/1 में सोमर महतो वगै0 के नाम से जमाबंदी कायम हैं एंव लगान रसीद वर्ष 2023–24 तक निर्गत हैं। जमाबंदी कायम होने का आधार खतियान हैं।
03. जमाबंदीधारी रैयत से बिकेता का संबंध दादा ससुर का है। बिक्री की जाने वाली भूमि बिकेता के हक व हिस्से के अतंर्गत आता है एंव बिक्रेता का दखल कब्जा में हैं।
04. प्रस्तावित भूमि भू–हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर हैं।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिकी करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया हैं।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता द्वारा अपने बयान में बतलाया गया हैं कि आवेदनाकिंत जमीन सर्वे खतियान में लीलु महतो पिता देव राम महतो के नाम से दर्ज हैं तथा सरकारी अभिलेख पंजी–II के पृष्ठ सं0 40/1 में सोमर महतो वगै0 के नाम से जमाबंदी कायम हैं एंव लगान रसीद वर्ष 2023–24 तक निर्गत हैं। बिकी वाली जमीन उसके हक हिस्से की हैं जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे हैं।

क्रेता का कहना है कि उन्होने प्रस्तावित जमीन का देखा है। उक्त जमीन कोई विवाद नह तथा वर्तमान में आवेदक के शांति पूर्ण दखल कब्जे में हैं।

उभय पक्ष अपने पक्ष निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करतें हैं:–

01. बिक्रेता– खतियान की छायाप्रति हैं, लगान रसीद का छायाप्रति, आवासीय प्रमाण की छायाप्रति, जाति प्रमाण की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति ।

02. क्रेता– आवासीय प्रमाण की छायाप्रति, जाति प्रमाण की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति ।

दोनो पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी नावाडीह से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि बिक्रेता एवं क्रेता दोनों कुरमी जाति के सदस्य हैं जो पिछडा वर्ग के अतंर्गत आते हैं। बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही थाना एवं जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की जमीन है, जो बिक्रेता को टाईटल सूट केश नं0 1205/68 से डिग्री प्राप्त है तथा हासिल है जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः आवेदक–**पुनिया देवी पति–स्व0 बेनी महतो वर्तमान निवास ग्राम–मुंगोरंगामाटी, पो0+थाना–पेंक नारायणपुर, जिला–बोकारो** को निम्नांकित भूमिः–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट सं0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | उ0 सीमा | द0 सीमा | पू0 सीमा | प0 सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **मुंगोरंगामाटी 02** | **13** | **65** | **1.22 ए0** | **09 डी0** | **फुलचन्द महतो** | **प्रितम महतो** | **रास्ता** | **नीज लेख्यकारिणी वाके है** |
| | | | कुल | 09 डी0 (नौ डिसमिल जमीन मात्र) | | | | |

मो0 2,50,000/–(दो लाख पचास हजार) रूपये या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता–**शांति देवी पति–लीलो महतो वर्तमान निवास ग्राम–मुंगोरंगामाटी, पो0+थाना–पेंक नारायणपुर, जिला–बोकारो** के साथ बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती हैं।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती हैं। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एंव संशोधित।

**भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता**
**बेरमो (तेनुघाट)।**

**भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता**
**बेरमो (तेनुघाट)।**

Digitally signed by Mukesh Machhuwa
Date: 2025.10.10 12:36:32 +05:30
Location: 10.93.6.142